CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 114 ▫ रायपुर, सोमवार 19 मई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिका की भूमिका पर सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए : सचिन पायलट

**रायपुर,** 19 मई (हाईवे चैनल)। आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश में सियासत गरमाई हुई है. विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से पूछे गए सवाल के बाद अब कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने भी कहा कि केंद्र सरकार को सारी जानकारी स्पष्ट रूप से देनी चाहिए. कांग्रेस सहित देश के सभी दलों ने आतंकवाद के मुद्दे पर केंद्र सरकार समर्थन किया है. पहलगाम आतंकी हमले के बाद जो कार्रवाई सेना के माध्यम से हुई वह गौरवपूर्ण है. देश की जनता हर मोर्चे पर जाकर लड़ने के लिए तैयार खड़ी थी. सेना के साथ पूरा देश एकजुट था. लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि अमेरिका की ओर से यह जानकारी पहले दी जाती है कि सीजफायर हो गया है? सवाल यही है कि भारत और पाक के बीच अमेरिका की भूमिका क्या रही है ? क्या ट्रंप ने कोई मध्यस्थता की है ? क्या वाकई व्यापार का डर दोनों देशों को दिखाया गया ? आखिर हुआ क्या-क्या इसका जवाब तो देना ही चाहिए. इसीलिए तो हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं. विशेष सत्र आहूत कर सरकार को आतंकवाद के मुद्दे पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए. पाकिस्तान आगे सीजफायर का उल्लंघन नहीं करेगा, पाक से आतंकी हमले नहीं होंगे, आतंकवाद को मदद पाक से नहीं मिलेगा ? इन सारे सवालों का जवाब स्पष्ट रूप से मिलना चाहिए. क्योंकि पाकिस्तान की हरकतों को लेकर संदेह हमेशा बना रहेगा. देश इस उम्मीद में है कि आगे किसी भी तरह कोई आंतकी हमला नहीं होगा यह भरोसा सरकार सीधे तौर पर दिलाना चाहिए. पायलट ने यह तमाम बातें रायपुर में दिवंगत दिनेश मिरानिया के परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा में कही.



### कांग्रेस आतंकवाद हो या नक्सलवाद हर मोर्चे पर सरकार के साथ खड़ी है

वहीं सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस आतंकवाद हो या नक्सलवाद हर मोर्चे पर सरकार के साथ खड़ी है. तेलंगाना सरकार का समर्थन छत्तीसगढ़ सरकार को नहीं मिलने की बात झूठी है. तेलंगाना राज्य भी नक्सलवाद से लड़ रहा है. नक्सलवाद की समस्या पूरी तरह से समाप्त होनी चाहिए. नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में तो कांग्रेस पार्टी ने सर्वाधिक शहादतें दी है. हमने अपने बड़े नेताओं को खोया है. बस हम यही चाहते हैं कि कोई निर्दोष आदिवासी न मारा जाए इसका ध्यान रखें.

सचिन पायलट ने कहा कि देश में आज संविधान को बचाना भी जरूरी हो गया है. देश के भीतर आज संवैधानिक संस्थाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है. लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमलो हो रहे हैं. संविधान की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है. कांग्रेस पार्टी ने बीते दिनों अहमदाबाद अधिवेशन में यह निर्णय लिया था कि देश भर में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा. लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था. छत्तीसगढ़ के जांजगीर में आयोजित रैली से हम इसकी शुरुआत प्रदेश में करने जा रहे हैं. पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए दिनेश मिरानिया को श्रद्धांजलि देने सचिन पायलट समता कॉलोनी स्थित मिरानिया निवास पहुंचे. रायपुर एयरपोर्ट से सीधे शाम 6.15 को पायलट मिरानिया निवास पहुंचे. उनके साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य नेता भी रहे. पायलट ने दिवंगत दिनेश के परिजनों से मुलाकात अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी के लिए एमपी के मंत्री को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

### जांच के लिए एसआईटी गठित की

**नई दिल्ली,** 19 मई (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।



### मंत्री शाह ने दो बार माफी मांगी, पर नहीं बनी बात

कोर्ट ने आगे कहा, आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा> सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक एसआईटी भी गठित की है। इसमें तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को रखा गया है। इनमें एक महिला अधिकारी भी होंगी। यह तीनों ही अफसर मध्य प्रदेश के बाहर के होंगे और कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए मंत्री के बयान को लेकर जांच करेंगे।

कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान ने तूल पकड़ा तो मंत्री विजय शाह ने सार्वजनिक रूप से दो बार माफी मांगी। मंत्री ने कहा- उनके दिए बयान से किसी की भावनाएं आहत हुई हों तो वे दिल से क्षमाप्रार्थी हैं। सोफिया कुरैशी ने देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया है और उनका योगदान जाति, धर्म या समुदाय से परे है। वह उन्हें एक सगी बहन से भी अधिक सम्मान देते हैं। शाह ने कहा कि मेरे वक्तव्य का उद्देश्य सोफिया के योगदान को समाज के सामने सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करना था, लेकिन व्याकुल मन की स्थिति में कुछ शब्द गलत निकल गए, जिससे वह व्यथित और शर्मिंदा हैं। मंत्री के दो बार माफी मांगने के बाद भी यह मामला शांत नहीं हुआ है।

## उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जजों को समान और पूरी पेंशन देने का आदेश

इधर सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में उच्च न्यायालयों के सभी सेवानिवृत्त जजों को पूरी और समान पेंशन देने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों की एंट्री और कार्यकाल के आधार पर कोई पक्षपात नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालयों के जजों के साथ इस बात के आधार पर भेदभाव नहीं हो सकता कि वे कब सेवा में शामिल हुए और कब उन्हें बार से न्यायिक सेवा में नियुक्त किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय के सभी सेवानिवृत्त जज, चाहे वो किसी भी तारीख में नियुक्त हुए हों पूर्ण पेंशन पाने के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि भारत सरकार को उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों को सालाना 15 लाख रुपये की पूरी पेंशन का भुगतान करना होगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### जूनियर इंडिया हॉकी टीम में छग की दो खिलाड़ी का चयन

**नई दिल्ली,** 19 मई (न्यूज चैनल)। अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से 2 जून तक होने वाले जूनियर फोर नेशन हॉकी टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ की अनिशा साहू और गीता यादव का चयन किया गया है. दोनों खिलाड़ियों का चयन बेंगलुरु में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के बाद किया गया. यह टूर्नामेंट आगामी जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप (दिसंबर 2025) की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित किया जा रहा है. अनिशा साहू पिछले चार वर्षों से जूनियर इंडिया टीम की सदस्य रही हैं, जबकि गीता यादव दो वर्षों से टीम का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें हिस्सा लेंगी.

### पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को हुआ प्रोस्टेट कैंसर



**नई दिल्ली,** 19 मई (न्यूज चैनल)। अमेरिका के पूर्व राष्टपति जो बाइडेन को एक आक्रामक किस्म का प्रोस्टेट कैंसर होने की पुष्टि हुई है। बाइडेन की उम्र 82 साल है। पिछले हफ्ते उन्हें पेशाब से जुड़ी कुछ समस्याएं हुईं, जिसके बाद जांच में यह बीमारी सामने आई। रविवार को उनके प्रवक्ता केली स्कली ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, कैंसर अब हड्डियों तक फैल चुका है — जिसे मेडिकल भाषा में मेटास्टेटिक प्रोस्टेट कैंसर कहा जाता है। हालांकि, राहत की बात यह है कि कैंसर हॉर्मोन-सेंसिटिव है, यानी यह हॉर्मोन ट्रीटमेंट से काबू में लाया जा सकता है। यह स्कोर प्रोस्टेट कैंसर की गंभीरता को बताने वाला एक प्रमुख मेडिकल मापदंड है।

### बांग्लादेश की अभिनेत्री नुसरत फारिया का गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 19 मई (न्यूज चैनल)। बांग्लादेशी एक्ट्रेस नुसरत फारिया को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। एक्ट्रेस को एक हत्या के प्रयास मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें ढाका एयरपोर्ट पर अपनी हथकड़ी में बांध लिया। एक्ट्रेस पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला जुलाई, 2024 का है, जब ढाका में सरकार विरोधी स्टूडेंट प्रोटेस्ट हुए थे। उसी दौरान नुसरत फारिया समेत कई लोगों पर एक छात्र की हत्या की कोशिश का आरोप लगा था। फारिया समेत 17 अभिनेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में यूको बैंक के पूर्व सीएमडी गोयल को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली,** 19 मई (न्यूज चैनल)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बताया कि उसने यूको बैंक के पूर्व सीएमडी सुबोध कुमार गोयल को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ कोलकाता स्थित एक कंपनी से जुड़े 6,200 करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में कार्रवाई की गई है।

गोयल को कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और अन्य के खिलाफ जांच के मामले में 16 मई को यहां उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उन्हें 17 मई को कोलकाता में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें 21 मई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। इस जांच के तहत ईडी ने अप्रैल में गोयल और कुछ अन्य के परिसरों पर छापे मारे थे। धन शोधन का यह मामला सीएसपीएल को ऋण सुविधाएं स्वीकृत करने और उसके बाद 6,210.72 करोड़ रुपये (ब्याज के बिना मूल राशि) के ऋण को बड़े पैमाने पर डायवर्ट और हेरफेर करने से संबंधित सीबीआई की प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है। ईडी ने दावा किया है कि यूको बैंक के सीएमडी के रूप में गोयल के कार्यकाल के दौरान, सीएसपीएल को बड़ी ऋण सुविधाएं स्वीकृत की गईं। जिन्हें बाद में उधारकर्ता समूह की ओर से डायवर्ट और हस्तांतरित कर दिया गया।

## ट्रेन से हो रही थी एमडीएमए ड्रग्स की तस्करी अतंरराज्यीय गिरोह के 8 आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर,** 19 मई (हाईवे चैनल)। ट्रेन के जरिए छत्तीसगढ़ में ड्रग्स तस्करी करने वाले बड़े अतंरराज्यीय गिरोह के 8 आरोपियों को बिलासपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पुलिस का क्लू मिला था कि छत्तीसगढ़ में ट्रेन के जरिए एमडीएमए ड्रग्स की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद तीन दिनों तक चली पुलिस की कार्रवाई में कुल 8 आरोपियों को एमडीएमए ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। नशे के सौदागरों पर कार्रवाई करते हुए कुल 15 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स को जब्त किया है। पुलिस ने दिल्ली के बड़े ड्रग्स सप्लायर को भी अरेस्ट किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक उत्कल एक्सप्रेस से सफर कर रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस इस पूरे रैकेट के अन्य आरोपियों का पता चला। मामले की जानकारी देते हुए बिलासपुर के एएसपी राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दिल्ली से एक शख्स उत्कल एक्सप्रेस के जरिए एमडीएमए ड्रग्स की खेप लेकर आ रहा है। जैसे ही ट्रेन उसलापुर रेलवे स्टेशन पर रुकी। पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम प्रदीप कुमार बताया। आरोपी के पास एक पार्सल बरामद हुआ जो उसे दिल्ली के रहने वाले शुभम ने दिया। जिसके बाद पुलिस ने ड्रग्स को जब्त कर दिल्ली में शुभम को ट्रैक करना शुरू कर दिया। इसी दौरान बिलासपुर पुलिस को सूचना मिली कि शुभम वाराणसी होते हुए बिलासपुर आ रहा है, पुलिस टीम ने उसका पीछा किया गया। और रतनपुर के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर शुभम को एक कार से पकड़ा। इस कार में तीन अन्य लोग भी सवार थे। जिन्होंने अपना नाम सुमित, रितेश और राजू बताया। कार की तलाशी में भी एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुआ। इस बीच पुलिस को जिनकारी मिली कि संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से एक व्यक्ति एमडीएमए ड्रग्स लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन पर और संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसकी पहचान विवेक कुमार, निवासी जिला करौली (राजस्थान) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 3 ग्राम एमडीएमए जब्त किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ अलग अलग थानों में मामला दर्ज किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उरकुरा रेलवे स्टेशन का लोकार्पण



**रायपुर,** 19 मई (हाईवे चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे. इस अवसर पर देशभर के कई स्टेशनों का लोकार्पण प्रस्तावित है, जिनमें छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर और रायपुर से सटे उरकुरा स्टेशन भी शामिल हैं. हालांकि छत्तीसगढ़ रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है. लेकिन रेल मंत्रालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित उरकुरा रेलवे स्टेशन की पहले और अब की तस्वीरें साझा की हैं. पोस्ट में बताया गया है कि उरकुरा स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिसमें नया स्टेशन भवन, विशाल सर्कुलेटिंग एरिया और पोर्च, नया वेटिंग रूम, बड़ी पार्किंग व्यवस्था और आधुनिक शौचालय शामिल हैं।

## नूंह से एक और पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार, फोन में मिले गद्दारी के सबूत

**नई दिल्ली,** 19 मई (न्यूज चैनल)। हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह जिले में पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तावडू उपमंडल के गांव कांगरका से तारीफ पुत्र हनीफ को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दो दिन पहले राजाका गांव से अरमान की जासूसी के आरोप में हुई गिरफ्तारी के बाद हुई है।

तारीफ पर आरोप है कि वह व्हाट्सएप के जरिए भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात दो कर्मचारियों को उपलब्ध करा रहा था। मामले में नूह पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट, 1923 और देशद्रोह की धाराओं के तहत आरोपी मोहम्मद तारीफ निवासी कांगरका थाना सदर तावडू पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात पाकिस्तानी नागरिक आसिफ बलोच और जाफर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। हरियाणा पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना मिली कि तारीफ निवासी लंबे समय से भारतीय सेना और डिफेंस तैयारियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दुश्मन देश पाकिस्तान में भेज रहा है। जो लोगों को पाकिस्तान जाने के लिए वीजा लगवाने के लिए बोलता था। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ और उसके मोबाइल को जब्त कर जांच करने पर संदिग्ध चैटिंग मिल सकती है। जांच में सामने आया कि उसके मोबाइल में पाकिस्तानी व्हाट्सएप नंबर से थे कुछ डाटा भी डिलीट पाया गया।

### चैटिंग से बड़ा खुलासा

उसके मोबाइल फोन की जांच में पाकिस्तानी नंबरों से चैट, फोटो, वीडियो और सैन्य गतिविधियों की तस्वीरें मिलीं, जो उसने पाकिस्तान के किसी नंबर पर भेजी थी। वह दो अलग अलग सिम कार्ड के जरिए पाकिस्तानी नंबरों से लगातार संपर्क में था। पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि पाकिस्तान उच्चायोग दिल्ली में स्थित कर्मचारी आसिफ बलोच को भारत देश की सैन्य गतिविधियां और खुफिया सूचनाओं को भेजता था। इसके बदले में आसिफ बलोच समय-समय पर उन्हें रुपए देता था। दिल्ली दूतावास से आसिफ बलोच का तबादला होने के बाद दूसरे कर्मचारी जाफर से उनकी मुलाकात दिल्ली में हुई थी। जिस प्रकार से तारीफ, आसिफ बलोच को सैन्य गतिविधियों की गुप्त सूचनाओं दे रहा था, उसी प्रकार जाफर को भी सैन्य गतिविधियों की खुफिया जानकारियां दी।


## कृषकों के बचत खाते से 1 करोड़ 31 लाख रुपए की हेराफेरी, सहायक प्रबंधक और कर्मचारी गिरफ्तार



**दुर्ग,** 19 मई (हाईवे चैनल)। । थाना पुरानी भिलाई पुलिस ने कृषकों के बचत खाता से १करोड़, ३ लाख,११ हजार २६३ रुपए की हेराफेरी करने वाले सहायक प्रबंधक और कर्मचारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सेवा सहकारी समिति ग्राम सोमानी का मामला है। प्रबंधक,सहायक प्रबंधक एवं अतिरिक्त कर्मचारियों के विरुद्ध थाना पुरानी भिलाई में अपराध पंजीबद्ध था। आरोपियों द्वारा कृषकों के खाते में रकम जमा न कर स्वयं द्वारा उपयोग किया गया था। कृषकों के पासबुक में एंट्री किया जाता था किंतु लेजर में एंट्री नहीं करते थे। आरोपियों द्वारा कुछ कृषकों के फि1स डिपाजिट को भी तोड़कर रकम का स्वयं उपयोग किया गया था।

पुलिस के मुताबिक सेवा सहकारी समिति ग्राम सोमनी के कृषकों के खाता में हेराफेरी कर प्रबंधक नीति दीवान, सहायक प्रबंधक गजानंद शिर्के, अतिरिक्त कर्मचारी गोपाल वर्मा के द्वारा राशि १०३,११,२६३/-रूपये (अक्षरी एक करोड तीन लाख ग्यारह हजार दो सौ तिरसठ रूपये) का गबन किए जाने के संबंध में प्रार्थी सुरेन्द्र सिंह भुवाल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पुरानी भिलाई के शाखा प्रबंधक की लिखित आवेदन पर थाना पुरानी भिलाई मेंअपराध क्रमांक ५७०/२४, धारा ४२०,४०६, ४०८, ४०९, ३४ भारतीय दण्ड संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की विवेचना में पाया गया कि आरोपियों द्वारा कृषकों के रकम उनके खाता में जमा न कर स्वयं द्वारा उपयोग किया जाता था इस हेतु कृषकों द्वारा लाई गई पासबुक में रकम की एंट्री करके वापस कर देते थे किंतु बैंक के लेजर में इसकी एंट्री नहीं करते थे, और न ही खाते में रकम जमा किया जाता था । इसी प्रकार कुछ कृषकों के फि1स डिपॉजिट तोड़कर आरोपियों द्वारा रकम अपने पास रखा गया । कृषकों के खाता में हेराफेरी कर राशि गबन करने में संलिप्त आरोपी गजानन शिर्के एवं गोपाल वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध कारित करना स्वीकार किये है। आरोपियों गजानंद शिर्के एवं गोपाल वर्मा को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।




चूहा- सुनती हो, बरसात को देखते हुए राज्य सरकार गरीबों को एकमुश्त तीन माह का राशन देने वाली है।
चुहिया- हां जी, बरसात का आनंद बहुत अच्छा रहेगा..!

CMYK